# प्रेस नोट दिनाँक 24.06.2025

## थाना कन्दवा

**लूट की घटना का सफल अनावरण, थाना कन्दवा 04 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार।**

**फाइनेंस कम्पनी के एजेंट से हुयी लूट का अनावरण, छिनैती के ₹ 70800/-नकदी, सैमसंग टैबलैट, मोटरसाइकिल बरामद**

**पुलिस कार्यवाही का विवरण-**

चन्दौली। श्री पीयूष मोर्डिया अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, श्री वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्गत निर्देशों के अनुपालन में आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा जनपद में विगत दिनों घटित घटनाओं के सफल अनावरण हेतु लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.) अपर पुलिस अधीक्षक सदर व देवेन्द्र कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण थानाप्रभारी कन्दवा दयाराम गौतम/ थाना कन्दवा पुलिस टीम व स्वाट सर्विलांस का संयुक्त टीमों द्वारा दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0 से संबंधित 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 18/06/2025 को बरहनी के पास शाम करीब 05:30 बजे प्रतीक सिंह पुत्र दिनेश सिंह नि0 ग्राम सवँरा थाना औराई भदोही से मारपीट कर एक मोबाइल,समसंग टैबलेट, 01 लाख 40 हजार व एक बाइक स्पलेन्डर प्लस छीना गया था।

**पुलिस कार्यवाही-**

थाना कंदवा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन चेकिंग/ व्यक्ति, वांछित अभियुक्त गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्र के बरहनी  में मौजुद थे की मुखबिर ने आकर सूचना दिया मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0 से संबंधित अभियुक्तगण अमड़ा तिराहे पर किसी का इंतजार कर रहे हैं यदि जल्दी किया जाए तो पकड़े जा सकते हैं। मुखबिर द्वारा बताये गये इस सूचना पर अमड़ा तिराहे के पास रोड पर खड़े मोटरसाइकिल पर बैठे दो संदिग्ध युवक पकड़ लिया गया।  पकड़े गया युवको ने अपना नाम मोनू यादव पुत्र भरत यादव निवासी शिवराजपुर थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र करीब 23 वर्ष तथा दूसरे ने अपना नाम आकाश यादव पुत्र राजेश कुमार यादव निवासी रामपुर थाना अदालहाट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 22 वर्ष बताया कुछ समय पश्चात तथा अमड़ा तिराहे पर से ही घेर कर 02 अन्य अभियुक्तो को पकड़ लिया गया। पकड़े हुए व्यक्तियों से नाम बहादुर यादव पुत्र पन्ना लाल यादव निवासी जगरनाथपुर थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र 24 वर्ष दूसरे ने अपना नाम अरविंद पटेल पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह निवासी नैपुरवा थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र करीब 20 वर्ष बताया।

**पुछ-ताछ विवरण-**

पुछ-ताछ करने पर अभियुक्तो ने बताया कि यह मोटरसाइकिल हम लोग दिनांक 18/06/2025 को बरहनी के आगे से हम लोगो द्वारा प्रतीक सिंह से मारपीट कर छीने थे तथा लूट में हम लोग एक लाख चालीस हजार रुपया , एक टेबलेट सैमसंग कंपनी की और

एक मोबाइल, अपने सफेद अपाची से छीने थे। इसमें हम लोगो को यही आकाश यादव ने सूचना दिया था कि प्रतीक सिंह हमारे कंपनी में कलेक्शन का काम करता है और उसके पास बहुत पैसा रहता है तुम लोग चाहो तो हम लोकेशन दे देगें तुम लोग छीन लेना तब आकाश यादव ने हम लोगो को लोकेशन दिया तो हम छिनैती किये थे और कड़ाई से पूछने पर बता रहे है कि जो हम लोगो के पास पैसा है वह उसी छिनैती में मिले हिस्से का पैसा है जो हम लोग आपस मे बराबर बराबर बाट लिए थे और आज हम लोग यहाँ और टेबलेट बिहार ले जाके बेच देते और पैसा आपस मे बाट लेते।

**अभियुक्तगण नाम अपराधिक इतिहास**

1. मोनू यादव पुत्र भरत यादव निवासी शिवराजपुर थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र करीब 23 वर्ष (अपराधिक इतिहास- 01-मु0अ0स0 405/2024 धारा 115(2),351(2),352(2) बी0एन0एस 02- मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0)
2. आकाश यादव पुत्र राजेश कुमार यादव निवासी रामपुर थाना अदालहाट जिला मिर्जापुर उम्र करीब 22 वर्ष (अपराधिक इतिहास- 01. मु0अ0स0 482/19 धारा-41,411,414,भादवी थाना लंका वाराणसी 02. - मु0अ0स0 405/2024 धारा 115(2),351(2),352(2) बी0एन0एस0 03- मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0)
3. बहादुर यादव पुत्र पन्ना लाल यादव निवासी जगरनाथपुर थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र 24 वर्ष (01- मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0)
4. अरविंद पटेल पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह निवासी नैपुरवा थाना चुनार जिला मिर्जापुर उम्र करीब 20 वर्ष (01- मु0अ0स0 57/2025 धारा 309(6) बी0एन0एस0)

**बरामदगी का विवरण-** 1.₹70800/- नकद (छिनैती का) 02. सैमसंग टैबलैट 03.01 मोटरसाइकिल (छिनैती की) 4. 02 मोटरसाइकिल (01घटना में प्रयुक्त अभियुक्त की व 01 पीड़ित की )

**घटना का अनावरण पुलिस टीम-**

प्रभारी निरीक्षक- दयाराम गौतम थाना कन्दवा

उ0नि0 रविकान्त चौहान प्रभारी चौकी रामपुर थाना कंदवा ,उ0नि0 साहब

का0 अजय कुमार ,का0 अजय वर्मा,का0 सविनय सिंह ,का0 घर्मराज ,हेड कांस्टेबल चालक गिरिजाशंकर पटेल

एसओजी चन्दौली के प्रभारी उ0नि0 आशीष मिश्र मय पुलिस टीम।

## थाना मुगलसराय जनपद चंदौली

**◆थाना मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 व्यक्ति के कब्जें से 15.92 लाख रुपया बरामद।**

चन्दौली- पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लाग्हें के निर्देशन में अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.), अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली सदर व राजीव सिसोदिया, क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय गगनराज सिंह के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.06.2025 को रात्रि में गस्त करते समय वीआईपी गेट पीडीडीयू नगर से राजकीय हास्पिटल थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली के पास से 01 सन्दिग्ध व्यक्ति जिसकी पहचान शकील अहमद पुत्र बेलाल अहमद नि0 183 कसाब महाल थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली उम्र करीब 34 वर्ष के रुप में हुई जिसके कब्जें से एक काला बैग लिया हुआ था जिसकी तलाशी लिया गया तो उसमें 1592000/- रुपया रखा था। उपरोक्त रुपयो के सम्बन्ध में आयकर अधिकारी (जाँच) वाराणसी को सूचना दिया गया जिनके द्वारा उपरोक्त रुपयो के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही किया जा है।

**बरामदगी विवरण-**

500 रुपये का कुल 1542000 रुपया व 100 रुपये के कुल 50000 रुपया कुल 1592000 रुपया

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
उ0नि0 श्री मुंशी लाल थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।
हे0का0 यशवन्त चौधरी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।